# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर ।

## प्रेस विज्ञप्ति

माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के विभिन्न पत्रों के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर के आदेश दिनॉक–27.09.2022 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर के अन्तर्गत संचालित ए0डी0आर0 सेन्टर में **संविदा के आधार पर** नियत मासिक पारिश्रमिक पर कनिष्ठ लिपिक के पद पर वित्तीय वर्ष 2022–2023 में **दिनाक–01.03.2023 से दिनांक–28.02.2024** तक की अवधि के लिए शासनादेश संख्या–634/सात–न्याय –7–2021–11/2011 दिनाकिंत–03.12.2021 व शासनादेश संख्या–688/सात–न्याय –7–2012–11–/2011 दिनाकित–03.09.2012 तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक संख्या–2150/एसएलएसए–37/2013 दिनाकिंत–01.09.2021 में निहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन नियुक्ति विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 व उ0प्र0 विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समिति(कर्मचारी) सेवा नियमावली 2009 के अर्न्तगत निम्न विवरण के अनुसार की जानी है:–

| क्रमांक | ए0डी0आर0 सेन्टर/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर हेतु | पदों की संख्या | शासनादेश संख्या–634/07–न्याय–07–2021–11/2011 द्वारा निर्धारित मासिक पारिश्रमिक की धनराशि में |
|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ लिपिक | 02 | 10,730/– |

**उक्त पद हेतु अर्हताएँ/निर्देश निम्नवत् है:–**

1. आवेदक/आवेदिका किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिणिक संस्था/बोर्ड से इण्टरमीडिएट और हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट टंकण गति/ऐसे अभ्यार्थियों को अधिमान्यता प्रदान की जायेगी जिन्हे अग्रेजी टंकण व कम्प्यूटर की जानकारी हो।
2. आवेदक/आवेदिका की आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो।
3. आवेदक/आवेदिका जो आरक्षित श्रेणी से सम्बन्धित है उन्हें नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी तथा प्रवृत सरकार के आदेशों के अधीन नियमानुसार आरक्षण प्रदान किया जायेगा।
4. चयन प्रकिया प्रतियोंगिता परीक्षा(कम्प्यूटर सम्बन्धी जानकारी सम्मिलित होगी) तथा साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी।
5. इस कार्यालय से पूर्व मे कनिष्ठ लिपिक पद पर भर्ती जारी विज्ञप्ति दिनाकिंत–03.10.2022 एवं दिनांक–15.10.2022 के अनुक्रम में जिन अभ्यार्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया था, उन्हे नवीन आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

इच्छुक व्यक्तियो से अपील है कि वे अपना आवेदन पत्र दिनांक–15.03.2023 को साय 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पयागीपुर जनपद सुलतानपुर में आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय की वेब साइट पर प्राप्त कर सकते हैं ।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सुलतानपुर।

संलग्नकः– आवेदन पत्र की छायाप्रति।

पत्रॉक 246 /जि0वि0से0प्रा0सु0, तद् दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नॉकित को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

1. सिस्टम अधिकारी, जनपद न्यायालय सुलतानपुर को विज्ञप्ति न्यायालय की बेव साइट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित।
2. जिला सूचनाधिकारी सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने स्तर से समस्त दैनिक समाचार पत्रो मे जनहितार्थ प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।
3. समस्त संपादक/संवाददाता दैनिक समाचार पत्र जनपद सुलतानपुर को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने स्तर से अपने–अपने समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।
4. जनपद न्यायालय, ए0डी0आर0 सेन्टर, बार एसोसिएसन एवं बाह्य न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानुपर

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर ।

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रॉक संख्या–2150/एसएलएसए– 37/2013 दिनॉक 01 सितम्बर 2021 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर के द्वारा संचालित ए0डी0आर0 सेन्टर में संविदा के आधार पर कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु निम्न प्रारूप पर आवेदन पत्र आमॅत्रित किया जाता है, जिसकी अन्तिम तिथि–15.03.2023 साय 05:00 बजे तक है।:–

## संविदा के आधार पर कनिष्ठ लिपिक के पद हेतु आवेदन पत्र

1. आवेदित पद ------------------------------------------------

स्व0 प्रमाणित

2. आवेदक/आवेदिका का नाम------------------------------------------

रंगीन फोटो

3. जन्म तिथि ------------------------------------------------
4. पिता/पति का नाम ------------------------------------------------
5. मोबाइल/दूरभाष नम्बर ------------------------------------------------
6. आप निम्न में से किस वर्ग से सम्बन्धित है:–
   (क) सामान्य (ख) पिछड़ा वर्ग (ग) अनुसूचितजाति/जनजाति
   (आरक्षित श्रेणी से सम्बन्धित होने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाती प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें।)
7. स्थायी पता------------------------------------------------
8. वर्तमान पता------------------------------------------------
9. शैक्षिक योग्यता------------------------------------------------
10. अनुभव – ------------------------------------------------

## घोषणा

मैं श्री/श्रीमती/सुश्री ------------------------एतद्द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में वर्णित उपरोक्त सभी विवरण मेरी पूर्ण जानकारी में सत्य व सही है। मेरे विरूद्व किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद न तो लम्बित है और न ही मैं किसी आपराधिक वाद में दोष सिद्व हुआ हूँ । मैं स्वेच्छा से संविदा के आधार पर कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करता/करती हूँ। सूचना गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाये।

दिनॉक

आवेदक/आवेदिका के पूर्ण हस्ताक्षर

### अर्हताएँ/निर्देश

1. आवेदक/आवेदिका न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट और हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट टंकण गति एवं अग्रेजी टंगण व कम्प्यूटर की जानकारी हो।
2. आवेदक/आवेदिका की आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो।
3. आवेदक/आवेदिका जो आरक्षित श्रेणी से सम्बन्धित है उन्हें नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी तथा प्रवृत सरकार के आदेशों के अधीन नियमानुसार आरक्षण प्रदान किया जायेगा।
4. आवेदक/आवेदिका अपना आवेदन पत्र, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद सुलतानपुर के नाम दिनॉक–15.03.2023 की सायं 05:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा स्वयं प्राप्त करा सकते हैं ।